**HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA**

**कक्षा- दसवीं**

**समय : 3 घंटे** | **विषय - हिंदी** | ***कुल अंक - 80***

**परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें**
**प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं**

**विशेष निर्देश:**
**क. उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बाई ओर दिए गए वृत्त में प्रश्नपत्र सीरीज अवश्य लिखिए ।**

**ख. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है ।**

**ग. उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़िए ।**

**घ. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

## खंड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

प्रभात-फेरियाँ , हड़तालें ,जुलूस , भाषण हर शहर का चरित्र था और पूरे दमखम और जोश -खरोश के साथ इन सबसे जोड़ना हर युवा का उन्माद। मैं भी युवा थी और शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था स्थिति यह हुई कि एक बवंडर शहर में मचा हुआ था और एक घर में। पिताजी की आजादी की सीमा यही तक थी कि उनकी उपस्थिति में घर में आए लोगों के बीच उठूँ- बैठूँ ,जानू-समझूँ| हाथ उठा उठा कर नारे लगाती, हड़तालें करवाती , लड़कों के साथ शहर की सड़के नापती लड़की को अपनी सारी आधुनिकता के बावजूद बर्दाश्त करना उनके लिए मुश्किल हो रहा था तो किसी की दी हुई आज़ादी के दायरे में चलना मेरे लिए। जब रगों में लहू की जगह लावा बहता हो तो सारे निषेध ,सारी वर्जनाएँ और सारा भय कैसे ध्वस्त हो जाता है, यह तभी जाना।

**भाग अ**
**लघुनात्मक प्रश्न ( किन्ही चार प्रश्नो के उत्तर दीजिये ) :** ( 4 x 1 = 4 )

i) लेखिका किन दिनों का वर्णन कर रही है? उन दिनों देश का वातावरण कैसा था?
ii) शीला अग्रवाल कौन थी? उसने लेखिका को कैसे प्रभावित किया?
iii) घर और शहर में कैसे बवंडर मचाए हुए थे?
iv) लेखिका की मानसिक दशा कैसी थी?
v)लेखिका के पिता क्या चाहते थे?

## भाग ब

**बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दो :** ( 6 x 1 = 6 )

क ) पाठ का नाम है -
i एक कहानी ii यह भी कहानी iii एक कहानी यह भी iv मन्नू भंडारी

ख) लेखिका के पिता चाहते हैं की लेखिका -
i कॉलेज जाये ii हड़तालें करे iii घर के लोगो के बीच उठे बैठे iv घर से न निकले

ग)' प्रभात ' का अर्थ है -
i दोपहर ii शाम iii रात iv सुबह

घ)' उपस्थिति ' का विलोम शब्द -
i परिस्थिति ii स्थिति iii अनुपस्थिति iv संध्या

ङ) ' मैं भी युवा थी ' में रेखांकित शब्द है -
i संज्ञा ii सर्वनाम iii क्रिया iv विशेषण

च) शीला अग्रवाल की बातों ने प्रभावित किआ -
i पिता जी को ii लेखिका को iii लोगों को iv युवाओं को

2. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें : (3 x 2 = 6)

i) सेनानी ना होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?
ii) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?
iii) लेखक को खीरा खाने से इंकार करने पर अफसोस क्यों हो रहा था?
iv) इतने फादर बुल्के को मानवीय करुणा की दिव्य चमक क्यों कहा?
v) इस मिला खान का जन्म कहां हुआ? उनका खानदानी पेशा क्या था?

3. लखनवी अंदाज पाठ के शीर्षक पर विचार करते हुए उसे कोई अन्य शीर्षक दीजिए । (1 x 4 = 4)

अथवा

बिस्मिल्लाह खान का शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है?

4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए i'uk d mRrj nhft ,A .

यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज
मै न सकता देख
अन्नदाता जान
यह दंतुरित मुस्कान
धन्य तुम अभी तुम्हारी धन्य!
चिर प्रवासी मैं इतर , मैं अन्य!

इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ  माँ  की कराती रही है मधु पर्क
तुम इधर कनखी मार
और होती जब की आंखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुस्कान
मुझे लगती बड़ी ही छवि मान|

**भाग अ**

**लघुनात्मक प्रश्न  ( किन्ही चार प्रश्नो के उत्तर दीजिये ) :**      (4 x 1 = 4 )

i) अवतरण में निहित भावार्थ स्पष्ट कीजिए ।
ii) कवि ने किस-किस को धन्य माना है और क्यों?
iii) कवि ने स्वयं  को क्या कहा है?
iv) बच्चे और कवि के बीच माध्यम कौन बना ?
v) कवि को किस की मुस्कान छविमान लग रही थी?

**भाग ब**

**बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दो :**      (6 x 1 = 6 )

क)  कविता का नाम है -
iउत्साह      ii कन्या दान      iii संगतकार      iv यह दंतुरित मुस्कान

ख) कवि का नाम  है -
i जय शंकर प्रसाद    ii देव      iii नागार्जुन      iv सूर दास

ग) इनमें से अतिथि का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
i मेहमान      ii पाहुन      iii आगंतुक      iv निराला

घ) ' तुम्हारी माँ न बनी होती माध्यम आज ' में  किसकी बात कही गई है -
i  लेखक की पत्नी    ii लेखक की माँ    iii  लेखक की बहन    iv  लेखक की बेटी

ङ) 'मधु पर्क  ' का अर्थ है -
**i** शहद ,जल , घी , दही , चीनी का समाहार  **ii** जल , घी , चीनी का समाहार  **iii**  जल , घी का समाहार
**iv**  शहद

च) ' आँखे चार होना ' मुहावरे का अर्थ है -
i आमना सामना होना    ii चार आँखे होना    iii नाराज़ होना    iv क्रोध करना

5.  निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।      (3 x 2 = 6)

i) संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है?
ii) ‘बांस था कि बबूल’ प्रतीकात्मकता स्पष्ट कीजिए ।

iii) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषताएं बताई हैं?
iv) गोपियों ने किन-किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलहाने दिए ?
v) कवि ने बच्चे की मुस्कान के सौंदर्य को किन-किन विंबो के माध्यम से व्यक्त किया है?

6. उद्धव की योग संबंधी बातें गोपियों को कैसी लगती थी? गोपियों के अनुसार योग संबंधी बातें कौन स्वीकार कर सकते हैं? (1 x 4 = 4)

*अथवा*

मां की 'अंतिम पूँजी ' कौन थी और क्यों?

**खंड -ख**

7 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (3 x 2 = 6)

i) जितेन ने लेखिका को सिक्किम की प्रकृति भौगोलिक स्थिति के विषय में क्या जानकारी दी?
ii) अखबारों ने नाक लगने की खबर को किस तरह से प्रस्तुत किया
iii)आज के बच्चों की दुनिया आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है?
iv) श्वेत और रंगीन पताकाओ का फहराना किन अवसरों की ओर संकेत करता है?
v) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों' का शहर क्यों कहा गया?

8 आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है? इसे रोकने में आप की क्या भूमिका होनी चाहिए? (1 x 4 = 4)

*अथवा*

रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था? उसकी परेशानी को किस प्रकार तर्कसंगत ठहराएंगे ?

**खंड- ग**

9 .निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये (5 X 2 = 10)

क) वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिए :
i)मैंने उसे पढ़ाया और नौकरी दिलवाई ।( सरल वाक्य में बदलिए)
ii) विद्वान का सभी आदर करते हैं ।( मिश्र वाक्य में बदलिए)

ख) उद्देश्य और विधेय छांटें:
i) मजदूरों ने काम कर लिया।
ii)भव्य समारोह देखकर मेरा मन खिल उठा ।

ग)निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए
i) मैं पत्र लिखता हूं ।( कर्मवाच्य में)
ii) अशोक हंसता है ।( भाववाच्य में)

घ) 1)‘ लाभ हानि ’ समस्त पद में समास का नाम है
i द्विगु समास ii तत्पुरुष समास iii द्वंद्व समास iv अव्ययी भाव समास

2) किसी व्यक्ति , वस्तु अथवा स्थान के नाम को कहते हैं-
i सर्वनाम ii विशेषण iii क्रिया iv संज्ञा

ङ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1) ‘अध्यापिका ने छात्रों से सफाई करवाई ' में क्रिया है-
i सकर्मक ii अकर्मक iii प्रेरणार्थक iv द्विकर्मक

2)' जो बहुत बोलता हो ' वाक्यांश के लिए एक शब्द है -
i मितभाषी ii अल्पज्ञ iii बड़बोला iv वाचाल

10. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 200- 250 शब्दों में निबंध लिखें । (1 X 8 = 8)

i)मेरा हिमाचल प्रदेश: (भूमिका, राज्य की स्थापना , अनेक देवस्थान ,राजधानी, उन्नति के पथ पर ,प्रसिद्ध मेले ,फलों के बाग -वन , उपसंहार )

ii)सदाचार: (भूमिका , उत्तम मित्र, गुण, महत्व, उपसंहार)

iii )दीपावली: ( भूमिका मनाने के कारण ,राम का अयोध्या आगमन ,महापुरुषों का निर्वाण , लक्ष्मी पूजन, उपसंहार)

iv)मोबाइल वरदान या अभिशाप: (भूमिका, मोबाइल का प्रयोग, दोष, उपसंहार)

v) प्रातः कालीन भ्रमण: (भूमिका ,सर्वश्रेष्ठ समय, आवश्यकता, लाभ ,हानियां ,उपसंहार)

11. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/ मुख्य अध्यापक को चरित्र( सदाचार )प्रमाण -पत्र प्रदान करने के लिए प्रार्थना -पत्र लिखिए । (1 X 7 = 7)

*अथवा*

अपने जन्मदिन पर अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए ।

12. विजय बाबू बस से दिल्ली जा रहे हैं । बस किराया को लेकर विजय बाबू और बस कंडक्टर के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखें । (1 X 5 = 5)

*अथवा*

आपके विद्यालय में मनाए गए वार्षिकोत्सव पर प्रतिवेदन लिखिए ।

***************